**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–10.09.2025 (सुबह–0830 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **सीपी राधाकृष्णन चुने गये देश के 15वें उपराष्ट्रपति, इंडिया ब्लाक के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को 152 वोट से हराया।**
2. **झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में बालू घाटों और लघु खनिजों के आवंटन पर लगायी रोक, पेसा नियमावली लागू नहीं करने पर जतायी नाराजगी।**
3. **सीबीआई ने भ्रष्टाचार के खिलाफ की कड़ी कार्रवाई, सीसीएल की रामगढ़ गिद्दी कोल परियोजना के सुरक्षा पदाधिकारी समेत सात को किया गिरफ्तार।**
4. **जेपीएससी ने जारी किया नौ नियुक्ति परीक्षाओं का कैलेंडर, झारखंड पात्रता परीक्षा के लिए 16 सितंबर से भरे जायेगे आवेदन।**
5. **69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली झारखंड टीम के गठन के लिए कल होने होने वाले ओपन चयन ट्रायल स्थगित।**

********************

झारखंड के पूर्व राज्यपाल और महाराष्ट्र के वर्तमान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन देश के 15वें उपराष्ट्रपति चुने गये हैं। एनडीए उम्मीदवार श्री राधाकृष्णन ने विपक्ष के प्रत्याशी बी.सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के अंतर से हराया। राधाकृष्णन को 452 वोट मिले जबकि रेड्डी के पक्ष में 300 वोट पड़े। एक रिपोर्ट –

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री राधाकृष्णन को जीत की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में श्री राधाकृष्णन का दशकों लंबा अनुभव राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा, संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करेगा और संसदीय संवाद में वृद्धि करेगा।

********************

झारखंड के पूर्व राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने से राज्य में उत्साह है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई नेताओं ने श्री राधाकृष्णन को बधाई दी है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड के दो राज्यपालों का राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पद पर आसीन होना राज्य के लिए गर्व की बात है।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दीपावली तक अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की। तीन सितंबर को जीएसटी परिषद के आम आदमी पर ध्यान केंद्रित करते हुए दरों को युक्तिसंगत बनाने को स्वीकृति दी गई। आज हम हस्ततशिल्प क्षेत्र के लिए किए गए जीएसटी सुधारों की बात कर रहे हैं।

********************

केंद्र सरकार ने 1994 बैच के झारखंड कैडर की आईपीएस अधिकारी संपत मीणा को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो –सीबीआई का विशेष निदेशक नियुक्त किया है। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

********************

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। अदालत ने यह आदेश पेसा कानून को लागू न किए जाने के संबंध में दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से इस मामले में जवाब तलब करते हुए यह स्पष्ट करने को कहा है कि पूर्व में दिए गए कोर्ट के आदेश का अब तक पालन क्यों नहीं किया गया।

********************

हाईकोर्ट के फैसले के बाद भाजपा ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अशोक बड़ाईक ने आरोप लगाया कि सरकार स्थानीय स्वशासन के अधिकारों का हनन करना चाहती है।

इधर, कांग्रेस ने कहा है कि सरकार राज्य में पेसा कानून लागू करने को लेकर प्रतिबद्ध है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने आरोप लगाया कि भाजपा विकास कार्यों में बाधा पहुंचा रही है।

********************

सीबीआई की रांची एंटी करप्शन ब्रांच ने कोल ट्रांसपोर्टिंग वसूली मामले में 7 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इन सभी पर रामगढ़ के गिद्दी एरिया में कोयला कारोबारियों से कमीशन के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप है। सीबीआई ने सीसीएल के सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार और कर्मचारी दीपक कुमार और नरेश कुमार के अलावा तीन लिफ्टरों को भी गिरफ्तार किया है।

********************

झारखंड लोक सेवा आयोग, जेपीएससी ने नौ नियुक्ति परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया है। राज्य में उप समाहर्ता के पदों पर नियुक्ति के लिए छठी सीमित प्रतियोगिता परीक्षा सात वर्ष बाद होगी। जेपीएससी ने सात वर्ष बाद इसकी लिखित परीक्षा की तिथि की घोषणा कर दी है। यह परीक्षा पांच से छह दिसंबर को आयोजित होगी। जेपीएससी ने इसके साथ कुल नौ प्रतियोगिता परीक्षाओं की संभावित तिथियां भी घोषित कर दी हैं।

**********************

इधर, जेपीएससी ने झारखंड पात्रता परीक्षा, जेटेट के लिए विज्ञापन जारी कर दिया है। करीब 17 वर्ष के बाद आयोजित हो रही इस परीक्षा के लिए 16 सितंबर से 06 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे।

**********************

लोहरदगा जिले में लोगों को आयुष्मान योजना से जोड़ने की पहल तेज कर दी गयी है। इसके लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं

**********************

69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली झारखंड टीम के गठन के लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची की ओर से कल होने होने वाले ओपन चयन ट्रायल अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गयी है। परिषद ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि ट्रायल की तिथियों की घोषणा बाद में की जायेगी।

**********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां–**

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने सीपी राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति बनने की खबर को प्रमुखता दी है।
- दैनिक भास्कर लिखता है– नेपाल में तख्ता पलट, जला दिया सिंहासन।
- हिन्दुस्तान के शब्द हैं– पूजा पंडाल के रास्तों की होगी सफाई, स्ट्रीट लाईटें लगेंगी।
- प्रभात खबर ने लिखा है–धनबाद डीसी व अन्य पर सदन की अवमानना का आरोप लगा।
- दैनिक जागरण लिखता है– 18 हजार करोड़ से अधिक जमा है सरकारी विभागों के पीएल खाते में।

**********समाप्त***********